**नागपंचमी** | नागपंचमी पर पूजे गए नाग देवता, शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़, बरूओं ने किया कला का प्रदर्शन, बिठाला गया पीढ़ा

# सुर ताल की लय में बरूओं को आए नाग का भाव



**मंडला 29 जुलाई नभाप्र.** नाग की तरह लहराते, फुफकारते भाव विभोर युवकों को देखकर सहज ही लोग आश्चर्य में पड़ जाते हैं। यह नजारा नाग पंचमी के अवसर पर मुख्यालय के नजदीकी ग्राम रामबाग और बिनैका में दिखाई देता है। सुरताल की लय में बरूआ नाग का भाव खेलते हैं। नागपंचमी की यह अनोखी पूजा पूरे क्षेत्र में खासी प्रसिद्ध है। नागपंचमी के अवसर पर ग्राम रामबाग, बिनैका में विशेष पूजन का दौर ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिला, जहां भक्तों ने पीढ़ा बिठालकर शिवशंकर के गलहार की पूजा की। पूजा से प्रसन्न होकर नागदेवता भाव रूप में भी दृष्टिगोचर हुए। नागपंचमी पर विशेष आयोजन ग्राम बिनेका, रामबाग, सकवार, पुरवा सहित अनेक स्थानों में देखने को मिला। लोगों ने बताया कि बिनैका, रामबाग समेत अन्य ग्रामों में पटा बिठाला जाता है, जिसमें बरूआ अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। सर्वप्रथम बाजे गाजे के साथ ग्राम के लोग आस्तिक मुनि की पूजा करने जाते हैं। इसके बाद घर में पूजन पाठ का दौर चलता है।

इस दौरान उस्ताद अपने बरूओं को भी तैयार करते हैं। यह ऐसा दिन होता है, जब नए बरूआ बनते हैं और पुराने अपनी कला दिखाते हैं। नाग भाव रूप में शरीर में आते हैं और अनेक तरह के चमत्कार भी दिखाते हैं। नागपूजा का यह क्रम बिनेका, रामबाग में पीढ़ियों से चला आ रहा है, जिसे देखने के लिए दूरदराज से भी भारी संख्या में लोगों का आना होता है।

### जगह-जगह पूजे गए नागदेव

श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी के अवसर पर घर-घर नाग देवता की पूजा की गई और सभी ने नाग देवता से कृपा रखने की मान्यता मांगी, सुबह से ही डेयरियों सहित दुग्ध पार्लरों में कच्चे दूध लेने वालों की कतार लगी थी, नाग देवता को कच्चा दूध चढ़ाने की परम्परा है, पूजा के दौरान कच्चे दूध के अलावा, कच्चा नारियल भी चढ़ाया जाता है।

### नागपूजा की है विशेषता

नाग पूजा के दौरान पटा में चावल, नारियल, पूजन की सामग्री एवं लाठी होती है। इन सब चीजों से मिलकर पटा बनता है। पटा बैठने के बाद ही नाग पूजा प्रारंभ होती है। मान्यता है कि जब तक विधिवत रूप से पटा नहीं बैठेगा, तब तक नागदेवता भक्तों के बीच नहीं आते। सही मायने में पटा ही नागपूजा की विशेषता है। मनोज ने बताया कि पूर्वज लोग नाग को अपना मित्र मानते थे क्योंकि नाग का भोजन चूहे है। नाग फसलों की चूहों से रक्षा करते है। पौराणिक कथाओं के अनुसार नाग को पताल लोक का निवासी कहा जाता है। नागों ने मनुष्यों के लिए पृथ्वी को छोड़कर पाताल लोग में रहना स्वीकार किया यह उनके त्याग का एक उदाहरण है। यही कारण है कि नाग को देवता मानकर उनकी पूजा की जाती है। नागपंचमी पर पूजन के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों पर भक्ति का इस कदर रंग चढ़ा कि वे अपनी सुध-बुध खो बैठे। ढोलक की थाप और मंजीरे के बीच अपने फन में धरती को थामे नाग देव की महिमा का गुणगान किया। इसके अलावा पुरवा, रामबाग, सकवाह में भी पटा बिठाकर नागदेवता की आराधना की गई।

### धूमधाम से घुघरी में मनाया नागपंचमी पर्व

**घुघरी 29 जुलाई नभाप्र.** विकासखंड घुघरी में सुबह से लोग शिवालय पहुंचे। सुबह से धार्मिक स्थलों में भक्तों का तांता लगा रहा। नागपंचमी के अवसर पर लोग शिवालयों में पूजन अर्चन करने पहुंच गए। अलग-अलग क्षेत्र में परंपरा अनुसार लोग पूजन अर्चन किए। घुघरी क्षेत्र में लोगों ने खेतो में जाकर नागदेव को दूध चढ़ाते हुए पूजन किया गया। इसके साथ ही प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आस्तिक चौक घुघरी में नाग पंचमी के पावन अवसर पर युवाओं के द्वारा आस्तिक मुनि और नागदेवता की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद पटा पूजन किया गया। क्षेत्र में धूमधाम से नागपंचमी पर्व मनाया गया।

# गंदगी और लापरवाही से भरा मैटरनिटी विंग, दिए सुधार के निर्देश

## सीएमएचओ ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण



**मंडला 29 जुलाई नभाप्र.** जिला चिकित्सालय मंडला की स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने जिला चिकित्सालय के मैटरनिटी विंग का औचक निरीक्षण किया, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं और स्वच्छता में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे भी उपस्थित रहे। प्रसव कक्ष से लेकर पीपीसी ओटी और वार्डों का विस्तृत निरीक्षण किया गया, जिसमें लापरवाहियां देखने को मिलीं। मरीजों के बेड की चादरें साफ नहीं पाई गई और कुछ बेड पर तो चादरें उपलब्ध ही नहीं थीं। वार्डों में गंदगी का अंबार मिला, जिससे माताओं और शिशुओं में संक्रमण फैलने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। सीएमएचओ ने तत्काल माताओं के साथ एक ही अटेंडर को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं जिससे वे अपने मरीज की देखभाल कर सकें।

सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने जल्द से जल्द गेट सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए। मैटरनिटी विंग की सिस्टर इंचार्ज को सफाई कार्यों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने और मेट्रन सिस्टर को सुबह वार्ड का भ्रमण कर सफाई की स्थिति देखने और गंदगी पाए जाने पर ठेकेदार को सूचित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही एक्लम्पसिया वार्ड का रखरखाव मार्गदर्शन के आधार पर अपडेट करने को कहा गया है।

निरीक्षण के दौरान मैटरनिटी विंग के ओपीडी और आईपीडी के लिए डॉक्टरों के ड्यूटी रोस्टर को तुरंत तैयार करने के निर्देश दिए गए। सभी डॉक्टरों को सुबह 9 बजे समय पर उपस्थित होने के लिए सीएमएचओ ने सख्त निर्देश जारी किए। इसके साथ ही एनआरसी के निरीक्षण में भी पाया गया कि दो-तीन दिन पहले बच्चों को खिलाने वाली खाद्य सामग्री गुणवत्तापूर्ण नहीं थी। इस पर सीएमएचओ ने निर्देश दिया कि समान सप्लाई करने वाले वेंडर से स्पष्टीकरण लेकर जवाब लिया जाए और आवश्यक कार्यवाही की जाए।

सीएमएचओ ने निरीक्षण के दौरान पाई गई सभी कमियों को एक सप्ताह के अंदर सुधार करने का समय दिया है। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, डीपीएचएनओ, नर्सिंग सिस्टर और एमएच कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।




# मछली जप्त कर की नीलामी

**मंडला 29 जुलाई नभाप्र.** जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट मत्स्य परिवहन तथा मत्स्य विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित है। उक्त अवधि में मत्स्य महासंघ के बरगी जलाशय, थांवर जलाशय एवं जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैधानिक मत्स्याखेट के निरीक्षण में मत्स्य विभाग एवं मत्स्य महासंघ बरगी नारायणगंज व जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 24 प्रकरणों में लगभग 800 कि.ग्रा. जाल एवं लगभग 252.00 शासन मद में जमा कि.ग्रा. मछली जप्त कर नीलामी राशि 10100 करायी गई है। मत्स्य विभाग एवं म.प्र. मत्स्य महासंघ बरगी नारायणगंज द्वार बंद ऋतु के दौरान लगातार कार्यवाही की जा रही है।




# खाद की किल्लत, बदहाल सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**घुघरी कांग्रेस ने मतदाता पुनरीक्षण और स्थानीय मुद्दों पर की अहम चर्चा**



**घुघरी 29 जुलाई नभाप्र.** घुघरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी मतदाता पुनरीक्षण कार्य और क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से बीएलओ में संशोधन, परिवर्तन का निर्णय लिया गया। आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस को तहसील मुख्यालय घुघरी में भव्यता से मनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही बैठक के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने तहसील मुख्यालय घुघरी की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रमुख मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने की मांग की गई है। जिसमें किसानों को सोसायटियों से खाद मिलने में हो रही देरी को तुरंत दूर करने की मांग की गई। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स परिसर और मुख्य मार्ग डिवाइडर पर लगे कचरे के ढेर को तत्काल साफ कराने, घुघरी बस स्टैंड से जनपद मार्ग पर शुक्रवार को व्यापारियों द्वारा दुकानें लगाने से होने वाले यातायात अवरोध को व्यवस्थित करने, उद्यान विभाग में रिक्त पड़े पदों पर कर्मचारियों की तत्काल नियुक्ति की मांग की गई। घुघरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला और पुरुष चिकित्सकों की पर्याप्त व्यवस्था करने, बिछिया दानी टोला मुख्य मार्ग घुघरी में पानी के भराव की समस्या का स्थायी समाधान खोजने की मांग भी ज्ञापन के माध्यम से की गई है। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुघरी अध्यक्ष अरविंद कुशराम, विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू, जनपद पंचायत घुघरी के उपाध्यक्ष सिहारे करचाम, जिला पंचायत सदस्य गीता मरावी और रुक्मणि सोनवानी सहित देवेंद्र दीक्षित, अरविंद झरिया, संजू पटेल, अमर मंडवे, दरबारी नरते, फूल सिंह मरावी, सालिक करचम, मेवा धुर्वे, हमी मरावी, अशोक अहिरवार, मोहन यादव, रघुवर मरावी, जागेश्वर धार, झनक धुर्वे, राजा पट्टा, माया मरावी, निरंजन धारवैया, अंकित दुबे, सुखचैन मरावी, तिलक विश्वकर्मा, मुस्तफा खान, महा सिंह धूमकेती समेत अन्य सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छात्रों और ग्रामीणों ने दिया बाघ संरक्षण का संदेश

## बाघ संरक्षण की दिलाई शपथ, मनाया अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस



**मंडला 29 जुलाई नभाप्र.** कान्हा टाइगर रिजर्व ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर भारत ज्योति विद्यालय में बाघ संरक्षण संबंधी चेतना के प्रचार-प्रसार और क्षेत्रीय गतिविधियों से संबंधित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक एसएस उद्दे, वनमंडलाधिकारी उत्पादन पूजा नागले, संभागीय प्रबंधक, मोहगांव प्रोजेक्ट हरीश बघेल, वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. संदीप अग्रवाल, मानसेवी वन्यजीव अभिरक्षक चंद्रेश खरे, सेवानिवृत्त शिक्षक राजेश क्षत्री समेत कान्हा टाइगर रिजर्व के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसएस उद्दे ने बाघ संरक्षण में स्थानीय समुदायों के सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विगत 10 दिनों से विभिन्न परिक्षेत्रों में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता मिट्टी कलाकृति निर्माण, मेहंदी, चित्रकला, पोस्टकार्ड लेखन आदि के परिणामों की घोषणा की गई और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही पिछले वर्ष वन्यप्राणी रेस्क्यू अभियानों में उत्कृष्ट सहयोग प्रदान करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न परिक्षेत्रों से आए स्कूली छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने बैगा नृत्य, बाघ नृत्य, लोक नृत्य और गायन के माध्यम से बाघ संरक्षण का सशक्त संदेश प्रसारित किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने बाघ संरक्षण की शपथ ली और इस संकल्प को अपने हस्ताक्षर के माध्यम से दोहराया।

# शिवमय वातावरण में सरदार पटेल वार्ड की महिलाओं ने किया रुद्राभिषेक



**मंडला 29 जुलाई नभाप्र.** सावन के तृतीय सोमवार को शहर में चांहूओर भगवान शिव के उद्घोष से गुजंयमान रहा। इस दौरान मंदिर शिवालयों में विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान हुए। महिलाओं ने व्रत रखकर विभिन्न अनुष्ठान किए। सरदार पटेल वार्ड की महिलाओं ने ईडन गार्डन के शिवमंदिर में रुद्राभिषेक किया। इस दौरान सुधा उपाध्याय, मधु मिश्रा, सीमा चौरसिया, अनीता राय, गंगोत्री बडगैया, आशा अवस्थी, प्रतिमा पाण्डेय, बिन्नी मार्को, कल्पना तिवारी सहित अन्य महिलाएं शामिल रही। महिलाओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और रुद्राभिषेक किया। इस दौरान में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

# मोहगांव के देवगांव में सखियों ने निकाली हरियाली यात्रा

**मंडला 29 जुलाई नभाप्र.** पर्यावरण संरक्षण और जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए मंडला जिले के विकासखंड मोहगाँव अंतर्गत सेक्टर देवगाँव में हरियाली नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवगाँव, कंचनगाँव और कापाटोला समिति द्वारा नवांकुर योजना के अंतर्गत हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम में कलश के साथ हरियाली यात्रा रैली से हुई। इस रैली के माध्यम से पूरे गाँव में प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। रैली का समापन ग्राम पंचायत भवन देवगाँव में हुआ। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर आम और जामुन के पौधों का रोपण किया गया। पंचायत भवन में विकासखंड समन्वयक, नवांकुर सदस्य और जनप्रतिनिधियों ने नवांकुर सखियों को जामुन और आम के पौधे वितरित किए गए, जिससे वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में भी पौधारोपण कर सकें।

# कन्या छात्रावास नारायणगंज में नशा मुक्ति की दिलाई शपथ



**नारायणगंज 29 जुलाई नभाप्र.** नारायणगंज विकासखंड के कन्या छात्रावास पड़रिया में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रावास अधीक्षक प्रमिला बैरागी द्वारा किया गया। जन जागरूकता कार्यक्रम में वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी पवन उइके ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज के लिए अत्यंत खतरनाक है। उन्होंने छात्राओं से अपने घर से ही जागरूकता अभियान शुरू करने का आह्वान करते हुए कहां कि जब घर सुधरेगा तब ही समाज में वास्तविक सुधार आएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित नारायणगंज के वरिष्ठ खिलाड़ी इरशाद मंसूरी ने भी नशे से दूरी बनाए रखने की हिदायत दी और इसके नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही कार्यक्रम में छात्रा, स्कूल स्टाफ के साथ खिलाड़ी पवन उइके, इरशाद मंसूरी, शिवम सैयाम, वीरेंद्र उइके, साहिल परते, दीपक प्रधान और छत्रपाल वरमैया मौजूद रहे। जन जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित सभी खिलाड़ी, छात्राए, स्कूल स्टाफ ने नशा मुक्ति की शपथ ली। आयोजित कार्यक्रम नारायणगंज के ग्रामीण युवा केंद्र, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मंडला द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम प्रभारी ब्लॉक समन्वयक करुणा मर्सकोले ने विस्तृत जानकारी दी।

# अतिवृष्टि से ढहा मकान, परिवार हुआ बेघर



**बबलिया 29 जुलाई नभाप्र.** झमाझम और मूसलाधार बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर मकानों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। निवास तहसील के ग्राम देवरी कला बबलिया में बीती रात हुई मूसलाधार बारिश ने एक परिवार का आशियाना उजाड़ दिया। प्रमोद यादव का मकान अत्यधिक वर्षा के कारण पूरी तरह ढह गया, जिससे उनका परिवार बेघर हो गया है। इस घटना ने परिवार के सामने रहने, खाने-पीने और सोने तक का गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। प्रमोद यादव ने स्थानीय प्रशासन से तत्काल मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने प्रशासन से मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन करने और यथाशीघ्र राहत राशि प्रदान करने की मांग की है। परिवार का कहना है कि मकान गिरने से उनका सब कुछ खत्म हो गया है और उन्हें तत्काल सहायता की आवश्यकता है जिससे वे इस मुश्किल परिस्थिति से उबर सकें।

# श्री राम कुटी हनुमान मंदिर में अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ

## बीजाडांडी बस स्टैंड स्थित मंदिर में सावन मास में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**मंडला 29 जुलाई नभाप्र.** सावन मास के अवसर पर बीजाडांडी बस स्टैंड पर स्थित श्री राम कुटी हनुमान मंदिर में अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में ग्राम के सभी वर्ग के लोग जिनमें वरिष्ठ नागरिक, युवा और माताएं-बहनें उत्साहपूर्वक सम्मिलित होकर संगीतमय पाठ किया। बताया गया कि इस धार्मिक कार्यक्रम के दौरान पूरे मंदिर परिसर में रामचरितमानस की चौपाइयों की गूँज सुनाई दे रही थी, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते हुए नजर आए, जो उनकी गहरी आस्था और उत्साह स्पष्ट नजर आ रही थी। इस आयोजन ने बीजाडांडी में सावन माह की पवित्रता और धार्मिकता में भक्त सरावोर हो गए है। अखंड पाठ के माध्यम से न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ, बल्कि ग्रामीणों को एक साथ मिलकर भक्ति का अनुभव करने का अवसर भी मिला। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक सौहार्द और समुदाय की एकजुटता का भी प्रतीक बन गया।

**महाकाल की पालकी** | आचार्य युवराज पांडेय के पचरा गीत से भक्तिमय हुआ मंडला, शोभायात्रा में दिखा अद्भुत नजारा

# बाबा महाकाल की भव्य पालकी और झंडा यात्रा में सनातनियों का उमड़ा सैलाब




**मंडला 29 जुलाई नभाप्र.** सावन माह के अवसर पर मंडला शहर बाबा महाकाल की भक्ति में सराबोर हो गया। झंडा यात्रा एवं महाकाल सवारी समिति द्वारा आयोजित विशाल झंडा यात्रा और बाबा महाकाल पालकी शोभायात्रा ने पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का संचार कर दिया। यह भव्य शोभायात्रा महिष्मति घाट से शुरू हुई और नगर का भ्रमण करते हुए किला वार्ड स्थित व्यास नारायण मंदिर पहुँची, जहाँ विधि-विधान से झंडा की स्थापना और पूजन-अर्चन किया गया। बताया गया कि पालकी और झंडा यात्रा का मुख्य आकर्षण उज्जैन के महाकाल के समरूप बाबा महाकाल की भव्य पालकी रही। इसके साथ ही विशाल भगवा ध्वज, शहनाई, सुप्रसिद्ध डीजे, आईप्रो एवं लाइट शो, जिले का सुप्रसिद्ध डीजे एवं लाइट शो, सुप्रसिद्ध बैंड, साउंड सिस्टम और विशेष इवेंट शो का प्रदर्शन किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विभिन्न प्रकार की झाँकियों ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा जयकारे लगाते हुए उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

शोभायात्रा में बाबा महाकाल की सवारी में बैंड-बाजे और भजन मंडलियों के साथ अलग-अलग जनजाति के कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देते दिखाई दिए, जिससे भोलेनाथ की भक्ति के साथ लोक संस्कृति का रंग बढ़-चढ़कर देखने को मिला। भस्मारती में बाबा का पंचामृत अभिषेक करने के बाद, भांग, चंदन, सूखे मेवे और आभूषणों से महाकाल का राजा स्वरूप श्रृंगार किया गया। समूह के कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### शेषनाग मंदिर में हुआ स्वागत

झंडा यात्रा एवं महाकाल सवारी समिति द्वारा निकाली गई इस विशाल झंडा यात्रा और बाबा महाकाल पालकी शोभायात्रा का जिला पंचायत के सामने स्थित हनुमान शेषनाग मंदिर में भी स्वागत किया गया। भक्तों ने बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना की और पुष्पवर्षा की। बाबा महाकाल को 101 किलो भोग प्रसादी अर्पित की गई, जिसे बाद में भक्तों में वितरित किया गया।

### सनातनी युवाओं ने उठाया बीड़ा

बताया गया कि विगत पाँच वर्षों से जिले के अनेक युवाओं द्वारा हर वर्ष सावन मास में झंडा यात्रा एवं बाबा महाकाल पालकी सवारी का आयोजन किया जाता है। इस समिति में न कोई अध्यक्ष है और न कोई पदाधिकारी, चंद युवाओं ने आज से पाँच साल पहले बैठक की और बाबा महाकाल की सवारी निकालने का संकल्प लिया। समय के साथ उनका कारवाँ बढ़ता गया और आज इस समिति में सैकड़ों युवा जुड़ चुके हैं। झंडा यात्रा और बाबा महाकाल की पालकी यात्रा को लेकर महीनों पहले से तैयारियां चलती हैं। यह धार्मिक आयोजन अब शहर के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में शामिल हो गया है। उज्जैन बाबा महाकाल की तर्ज पर आयोजित इस महाकाल सवारी के दर्शन करने के लिए दूर-दूर से धर्मप्रेमी नगर पहुँचते हैं।

# इनर व्हील क्लब मंडला ने छात्रों को दी नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी



**मंडला 29 जुलाई नभाप्र.** इनर व्हील क्लब मंडला ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में टीआई आरती धुर्वे ने नशा मुक्ति के विषय विस्तार से जानकारी दी। जिसमें उन्होंने छात्रों को नशे के गंभीर परिणामों के बारे में बताया। विद्यालय की प्राचार्य संध्या गुप्ता की उपस्थिति में छात्रों का परीक्षण भी किया गया और उन्हें नशे से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष श्रद्धा तपा और आईएसओ प्रिया पमनानी ने बच्चों को सरल और सहज भाषा में समझाया कि कैसे नशे की लत किसी के जीवन को पूरी तरह से बर्बाद कर सकती है और क्यों इससे हमेशा दूर रहना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के जाल में न फंसने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर क्लब की सचिव सुनीता पमनानी सहित क्लब की अन्य सक्रिय सदस्य प्रिया पमनानी, किरण पमनानी, रूबी तपा, कमला बानी, आरती बृज पुरिया, कंचन क्षत्री, सपना भाटिया, आरती तिवारी और साधना दुबे भी उपस्थित रहीं।

### आंगनवाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम

**मंडला।** नारायणगंज के आंगनवाड़ी केन्द्रों में हब अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लिंग संवेदीकरण पर चर्चा करते हुए उपस्थित गर्भवती एवं धात्री माताओं को लिंग संवेदनशील पीसीपीएनडीटी एक्ट गर्भधारण पूर्व प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं श्रीमति अंजना पाठक पति श्री स्वप्नेश कुमार पाठक आयु-48 वर्ष, निवासी डॉक्टर नवीन अग्रवाल के दवाखाना के पास, नर्मदा जी वार्ड मण्डला म.प्र. आधार कार्ड नंबर- 5316-0382-0268 की निम्नांकित कथन शपथपूर्वक करती हैं कि :-

01. यह कि मैं अब तक अपना नाम एवं पता "कुमारी अंजना तिवारी पिता स्व. श्री रामलाल तिवारी निवासी रेल्वे स्टेशन रोड, रेंज क्वाटर, महाराजपुर जिला मण्डला म.प्र. लिखा करती थी एवं उक्त नाम से जानी पहचानी जाती थी।

02. यह कि विवाह पश्चात अब में अपना नाम एवं पता "श्रीमती अंजना पाठक पति श्री स्वप्नेश कुमार पाठक, निवासी डॉक्टर नवीन अग्रवाल के दवाखाना के पास, नर्मदा जी वार्ड मण्डला म.प्र. लिखने लगी हूँ और इसी नाम से जानी व पहचानी जाने लगी हूँ।

पुराना नाम :- कुमारी अंजना तिवारी पिता स्व. श्री रामलाल तिवारी

नया नाम :- श्रीमती अंजना पाठक पति श्री स्वप्नेश कुमार पाठक